मध्य प्रदेश और गजरात के जिलों को आकाशवाणी और दूरदशन के अन्तर्गत लाया जाना

4303. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोट भाई पटल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मध्य प्रदेश और गुजरात के जिलों में किन किन क्षेत्रों में आकाशवाणी/दूरदर्शन के कार्यक्रम देखे जाते हैं ;

(ख) क्या उपर्युक्त राज्यों के कुछ क्षेत्र इन दोनों आकाशवाणी/दूरदर्शन के अंतर्गत नहीं हैं, और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) कब तक इन क्षेत्रों को आकाशवाणी/दूरदर्शन के अंतर्गत लाए जाने का विचार है ;

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान उक्त जिलों में आकाशवाणी और दूरदर्शन के क्रमशः कितने कितने प्रसारण केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा प्रत्येक केंद्र पर कितनी कितनी धनराशि खर्च हुई है ; और

(ङ) आठवीं योजनावधि के दौरान गुजरात में आकाशवाणी और दूरदर्शन प्रसारण केंद्र स्थापित करने की योजना का ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) से (ग) मध्य प्रदेश तथा गुजरात के सभी जिले इस समय आकाशवाणी के एम डब्ल्यू (एफ. एम. ट्रांसमीटरों से दिन के समय को प्राथमिक ग्रेड कवरेज पूर्ण में या अंशतः प्राप्त कर रहे हैं और संबंधित राज्य में कार्यरत टी.वी. ट्रांसमीटरों से टी.वी. सेवा भी प्राप्त कर रहे हैं। दो राज्यों में वर्तमान आकाशवाणी/दूरदर्शन कवरेज इस प्रकार है :—

आकाशवाणी

	क्षेत्र	जन संख्या
मध्य प्रदेश	94.5	96.5
गुजरात	99.0	99.0
दूरदर्शनन		
मध्य प्रदेश	52.2	60.1
गुजरात	63	76.8

कार्यान्वयनाधीन/स्थापना के लिए परिकल्पित विभिन्न स्कीमों के चालू होने पर आकाशवाणी/टी.वी. कवरेज मध्य प्रदेश और गुजरात में निम्न प्रकार से होगा —

आकाशवाणी

	क्षेत्र	जनसंख्या
मध्य प्रदेश	95	97
गुजरात	पूरी तरह कवर	
दूरदर्शन		
मध्य प्रदेश	73.3	77
गुजरात	88.1	93.8

दूरदर्शन से संबंधित उपर्युक्त आंकडों में किनारे के वे क्षेत्र भी शामिल हैं जहां संतोषजनक रिसेप्शन प्राप्त करने के लिए ऊंचे एण्टीना और बूस्टर लगाने अपेक्षित होत हैं।

देश में आकाशवाणी/दूरदर्शन सेवा का और विस्तार इस प्रयोजन के लिए साधनों की उपलब्धता तथा परस्पर प्राथमिकताओं पर निर्भर करते हुए चरणबद्ध ढंग से किया जा सकता है।

(घ) पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1-12-89 से मध्य प्रदेश और गुजरात राज्यों में स्थापित आकाशवाणी केन्द्रो/टी०वी० ट्रान्समीटरों और प्रत्येक पर खर्च की गई राशि

(रु० लाख में)

क्रम सं०	स्थान	स्कीम	खर्च की गई राशि
आकाशवाणी			
मध्य प्रदेश			
1	खंडवा	2×3 कि०वा०एफ०एम० ट्रान्समीटर, बहुउद्देशीय स्टूडियो और स्टाफ क्वार्टर सहित स्थानीय रेडियो स्टेशन	216.29
2	बतुल	—वही—	233.74
3	बिलासपुर	—वही—	197.05
4	छिंदवाड़ा	—वही—	240.69
5	रायगढ़	—वही—	224.11
6	बालाघाट	—वही—	217.53
7	शिवपुरी	2×3 कि०वा०एफ०एम० ट्रान्समीटर, बहुउद्देशीय स्टूडियो और स्टाफ क्वार्टरों सहित नया रेडियो स्टेशन	212.44
8	शहडोल	—वही—	221.31
गुजरात			
9	गोधरा	2×3 कि०वा०एफ०एम० ट्रान्समीटर, बहुउद्देशीय स्टूडियो और स्टाफ क्वार्टरों सहित स्थानीय रेडियो स्टेशन	211.64
10	सूरत	—वही—	256.92
दूरदर्शन			
1	ग्वालियर	(अल्प शक्ति ट्रान्समीटर के स्थान पर) उच्च शक्ति ट्रान्समीटर	290.66
2	जगदलपुर	—वही—	238.29
3	जबलपुर	(अल्पशक्ति ट्रान्समीटर के स्थानों पर उच्चशक्ति ट्रान्समीटर की अंतरिम व्यवस्था)	335.48
4	रायपुर	उच्चशक्ति ट्रान्समीटर (एक किलोवाट ट्रान्समीटर के स्थान पर दस किलोवाट ट्रान्समीटर)	195.32

(ङ) संसाधनों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकताओं के अधीन आकाशवाणी/दूरदर्शन की कार्यान्वयनाधीन परियोजनाएं इस समय लगाए जाने की परिकल्पना

क्रम सं०	स्थान	स्कीम
	आकाशवाणी	
1.	अहवा	1 कि०वा०मि०वे० ट्रान्समीटर बहुदेशीय स्टूडियो सहित नया रेडियो स्टेशन
2.	अहमदाबाद	2×3 कि०वा०एफ०एम० ट्रान्समीटर (बदलकर)
3.	जूनागढ़	2×3 कि०वा०एफ०एम० ट्रान्समीटर सहित रिले केन्द्र
4.	वढ़ोदरा	2×3 कि०वा०एफ०एम० ट्रान्समीटर सहित स्थानीय रेडियो स्टेशन
	दूरदर्शन	
5.	भुज	उच्च शक्ति ट्रान्समीटर
6.	सूरत	—वही—
7.	वड़ोदरा	—वही—
8.	खम्बात	अल्प शक्ति ट्रान्समीटर
9.	मोरवी	—वही—
10.	धरंगधारा	—वही—
11.	नखतरना	—वही—
12.	रापर	—वही—
13.	मंगरोल	—वही—
14.	इदर	—वही—
15.	महुवा	—वही—

आठवीं योजना अवधि अर्थात् 1993–97 के शेष वर्षों के दौरान टी०वी० ट्रान्समीटरों की स्थापना के लिए अतिरिक्त स्थानों को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।